Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Demand to restart the construction work of Hayatullah Uloom Jamia Arabia University in Moradabad, Uttar Pradesh.

डॉ. एस. टी. हसन (मुरादाबाद): सर, बहुत-बहुत शुक्रिया। एजुकेशन तालीम हमारे देश में प्राइम इंपॉर्टेंस की चीज है, लेकिन बद्किस्मती से हमारी प्रॉयोरिटी लिस्ट में यह बहुत नीचे है। मैं मुरादाबाद का एक ऐसा ही मामला आपके संज्ञान में लाना चाहता हूँ। तकरीबन 43 साल पहले एक यूनिवर्सिटी का काम किया जा रहा था, जो हयातुल उलूम जामिया अरबिया के नाम से थी। उसकी जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया था। 42 साल पहले वह जमीन ले ली गई, लेकिन आज तक सरकार ने उस जमीन पर कोई काम नहीं किया।

वहां पर झाड़ियां हैं और अधूरी बिल्डिंग्स पड़ी हुई हैं। मेरी आपके माध्यम से सरकार से डिमाण्ड है, चूंकि यह विषय एजुकेशन से जुड़ा हुआ है, कि इस पर ध्यान देते हुए उसकी मैनेजिंग कमेटी को, उसके जिम्मेदार लोगों को यह जमीन वापस की जाए, ताकि वहां पर एक अच्छा एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन बनाया जा सके।